संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश

**महत्वपूर्ण**

क्रमांक / कोविड–19 नियंत्रण / आई.डी.एस.पी / 2020 / 961    भोपाल, दिनांक 26 / 06 / 2020

प्रति,

1. समस्त कलेक्टर, म.प्र।
2. विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग, एम्स, भोपाल, म.प्र।
3. समस्त विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, म.प्र।
4. समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, म.प्र।
5. समस्त सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, म.प्र।
6. समस्त नोडल अधिकारी, डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल / डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेन्टर, म.प्र।

विषयः– डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेन्टर (DCHC) तथा डेडिकेट कोविड अस्पतालों (DCH) के आई.सी.यू. में भर्ती गंभीर रोगियों की समीक्षा के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि प्रदेश में कोविड–19 के गंभीर रोगियों के प्रबंधन हेतु 60 डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेन्टर (DCHC) तथा 16 डेडिकेटेड कोविड अस्पताल (DCH) क्रियाशील है। उपरोक्त कोविड–19 प्रबंधन संस्थानों में रोगियों के प्रबंधन संबंधी ऑनलाईन समीक्षा प्रति सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित की जायेगी। इस संबंध में संचालनालयीन आई.डी.एस.पी. शाखा द्वारा ऑनलाईन समीक्षा का आयोजन किया जायेगा जिसमें समस्त उपचार दल रोगियों की उपचार संबंधी जानकारी के साथ उपस्थित होंगे। कोविड–19 ऑनलाईन केस समीक्षा का उद्देश्य निम्नानुसार हैः–

i कोविड–19 केस प्रबंधन के दौरान प्रोटोकॉल पालन की समीक्षा।
ii विषय विशेषज्ञों तथा राज्य स्तरीय कोविड–19 तकनीकि विशेषज्ञों द्वारा मेन्टरिंग।
iii कोविड–19 केस प्रबंधन हेतु सर्वश्रेष्ठ क्लीनिकल सिद्धांतों पर चर्चा।
iv प्रस्तुत केस के प्रबंधन में पाये गये गैप एवं भविष्य में निराकारण हेतु आवश्यक गतिविधियों की अनुशंसा।
v कोविड–19 के क्रिटिकल रोगी के प्रबंधन के दौरान उपचार दल के समक्ष चूनौतियाँ एवं उसका निराकरण।
vi ऑनलाईन समीक्षा में. पाये गये कमियों के संबंध में सुधारात्मक कार्यवाही।

निर्देशित किया जाता है किः–

1. सप्ताह में प्रति मंगलवार एवं शुक्रवार को राज्य स्तर से चिन्हांकित डेडिकेटेड कोविड अस्पताल (DCH) / डेडिकेटेड कोविड हेल्थ सेन्टर (DCHC) से 4 केस की विस्तृत ऑनलाईन समीक्षा की जायेगी।
2. DCH से 2 केस (1 case on Ventilator and 1 case in ICU without Ventilator) तथा DCHC से 2 केस (on Oxygen Therapy) का चयन किया जायेगा एवं उपचार करने वाले दल द्वारा ऑनलाईन समीक्षा में केस के संबंध में क्लीनिकल प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।
3. केस का चिन्हांकन संबंधित DCH/DCHC के प्रभारी क्रमशः विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग अथवा मेडिसिन विशेषज्ञ से चर्चा कर स्टेट एपीडिमीयोलॉजिस्ट / स्टेट सर्वेलेन्स अधिकारी द्वारा चिन्हांकित किया जायेगा।
4. उक्त समीक्षा में प्रस्तुतिकरण करने वाले चिकित्सा महाविद्यालय के साथ–साथ अन्य चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष तथा राज्य स्तरीय तकनीकि समिति के Pulmonologist, Emergency Medicine, Cardiologist, Critical Care Specialist, Community Family Medicine/Preventing and Social Medicine Faculty के द्वारा प्रतिभागिता की जायेगी एवं प्रस्तुत केस पर विस्तृत चर्चा की जायेगी।
5. यदि ऑनलाईन समीक्षा में चर्चा हेतु चिन्हांकित केस गर्भवती महिला / बच्चा / दीर्घकालिक असंचारी रोग से ग्रस्त रोगी से संबंधित हो तो, संबंधित उप संचालक मातृ स्वास्थ्य / शिशु स्वास्थ्य / असंचारी रोग द्वारा भी ऑनलाईन समीक्षा में भाग लिया जायेगा।

6. ऑनलाईन समीक्षा हेतु चयनित केस का प्रस्तुतिकरण उपचार दल के वरिष्ठतम चिकित्सक / विभागाध्यक्ष द्वारा ही किया जायेगा।
7. कोविड–19 ऑनलाईन केस समीक्षा में विषय विशेषज्ञों द्वारा की गई चर्चा / अनुशंसाओं के संबंध में आई.डी.एस.पी. शाखा द्वारा राज्य स्तरीय निर्देश जारी कर एवं संबंधित वॉटस् एप ग्रुप में सांझा की जायेगी ताकि प्रदेश में Cross-Learning को बढ़ावा दिया जा सकेगा।
8. DCH/DCHC में भर्ती रोगियों की समीक्षा हेतु चेक लिस्ट **परिशिष्ट–1** पर संलग्न है।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

(निशांत वरवड़े)
आयुक्त चिकित्सा शिक्षा,
मध्यप्रदेश

(डॉ. संजय गोयल)
आयुक्त स्वास्थ्य,
मध्यप्रदेश

क्रमांक / कोविड–19 नियंत्रण / आई.डी.एस.पी / 2020 / 962 भोपाल, दिनांक 26 / 06 / 2020

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ।

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, म.प्र।
2. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, म.प्र।
3. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन वल्लभ भवन, म.प्र।
4. निदेशक, एम्स, भोपाल, म.प्र।
5. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र।
6. संचालक, चिकित्सा शिक्षा, म.प्र।
7. राज्य स्तरीय तकनीकि एडवाईजरी समिति के सदस्यों की ओर सूचनार्थ।
8. स्टेट सर्वेलेन्स अधिकारी, म.प्र।
9. प्रभारी, कोविड–19 नियंत्रण कक्ष, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र।

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा,
मध्यप्रदेश

आयुक्त स्वास्थ्य,
मध्यप्रदेश

# Check List for Online review of Critical cases admitted in DCHC & DCH

| | |
|---|---|
| Name of the DCHC/DCH | |
| Name of the HoD/Nodal Doctor | |

| DCHC ICU/DCH ICU | | |
|---|---|---|
| Total No. of Patients currently admitted | No. of Patients on $O_2$ Therapy | No. of Patients on Ventilator/Bi-PAP (Only for DCH) |
| | | |

| DETAILS OF CASE UNDER REVIEW | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Name | Age | Resident of | | | |
| | | Containment Zone | Buffer Zone | Hotspot | Other |
| | | | | | |

| | |
|---|---|
| Whether identified as low risk/High risk? | Yes/No |

| Where was the Patient referred from? | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Direct Admission | From Community by Surveillance Team | From Quarantine Center | Fever Clinic | CCC | DCHC | Private Hospital |
| | | | | | | |

| Mode of Referral? (Tick appropriate) | 108 | Private Ambulance | Personal Vehicle |
|---|---|---|---|
| | | | |

| Date of Onset of Symptoms? | Place of Sampling | Date of Sampling (If already tested) | Date of Positive Report |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| Date/Time of Admission at DCHC/DCH | Place of Admission (Isolation ward/HDU/ICU) |

**Clinical Findings**

1. Symptoms on Admission
2. Condition on Admission
3. Any co-morbidities (Pre- existing/Diagnosed after admission)
4. Investigations (Lab/Inflammatory Markers/ Radiology (X-ray/CT scan/Color Doppler)
5. Clinical management (Antimicrobials, Suppl. $O_2$ Therapy, HCQ, Anticoagulant Therapy, Antiviral Therapy etc.)
6. Adjuvant management (If any - Blood transfusion, Dialysis, Chemotherapy, Super specialty opinion, Ventilatory support etc.)
7. Clinical Records - (Case sheet and Investigation reports).
8. Final Diagnosis

**Challenges in Clinical Management (If any)**